हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

HARPAL TOWER
3bhk Luxury Lifestyle Apartments

BILASPUR'S MOST AWAITED REAL ESTATE PROJECT
FEATURING THE BIGGEST OFFER EVER!

A PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION



AUSPICIOUS BEGINNINGS
EXTRAORDINARY LIVING

Celebrate This Festival with a more rewarding way to own your dream home.

PREMIUM 3 BHK LIFESTYLE APARTMENTS

FREE FALL CEILING
FREE MODULAR KITCHEN
₹ 1 LAKH CASH DISCOUNT

LIMITED APARTMENT



PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION
#NayeBilaspurKiPehchaan

LIMITED TIME OFFER
BOOK NOW

360°
SCAN TO EXPLORE THE APARTMENT IN 360°

OUTDOOR AMENITIES
ENTRANCE GATE
COVERED CAR PARKING
SEPARATE TRANSFORMER
24 - HOURS WATER SUPPLY
EV CHARGING PROVISION
RAIN WATER HARVESTING
SOLAR STREET LIGHT

INDOOR AMENITIES
PODIUM GARDEN
GAZEBO
MULTIPURPOSE SPORTS TURF
JOGGING TRACK
CHILDREN PLAY AREA

More Amenities to experience

Follow us on Instagram

Tnc Rera Approved
PCGRERA050326002049
https://reracgstate.gov.in

TERMS AND CONDITIONS APPLIED

ASHOK NAGAR, BIRKONA ROAD,
BILASPUR, CHHATTISGARH
9424 171 234
7354 498 765

खबर संक्षेप



लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में हुआ विशाल रावण दहन

सीतापुर। विजयादशमी के अवसर पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। रावण दहन से पहले राम लक्ष्मण एवं सीता की झांकी शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो की उपस्थिति में भव्य आतशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। इस अवसर पर आदर्शनगर दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

रावण दहन से पहले ही लगा दी आग, पुलिस ने संभाली स्थिति



रामानुजनगर। परशुरामपुर में दुर्गा समिति द्वारा नवनिर्मित रावण में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दहन से पहले ही आग लगा दी गई, जिससे गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। पुलिस ने एक संदेही व्यक्ति को पकड़कर थाने लाकर पूछताछ की। संदेही ने नया रावण बनाकर समिति को देने और बुधवार को रावण दहन करने की अर्जी दी, जिस पर समिति के लोगों ने माफी स्वीकार करते हुए राजी हो गए। आज एक दिन बाद रावण का दहन किया गया, जिससे गांव में पुनः खुशी बरकरार हो गई।

भव्य कलश यात्रा से हुआ भागवत कथा का शुभारंभ



अम्बिकापुर। ओंकारेश्वर शिव मंदिर राजेंद्र नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ. जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा उपरांत भागवत परिक्रमा कथा एवं नारी चरित्र का महत्व बताया गया, साथ ही झांकियां का भी दिग्दर्शन कराया गया। शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं की कलश यात्रा सुबह 9 बजे गांधीनगर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुक्तिपारा शिव मंदिर होते आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। व्यास पीठ से कथावाचक ललित नरेंद्र महाराज ने भागवत परिक्रमा महात्मा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे सौ जन्मों के पापों से छुटकारा मिल जाता है। उन्होंने समाज एवं विचारों में नारी का समुचित आदर करने तथा सम्मान देने का संदेश दिया। ललित नरेंद्र महाराज ने तेरे चरण कमल में श्याम लिपट जाऊं रज बन के भजन की प्रस्तुति दी जिससे श्रद्धालु झूम उठे। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वही देवी देवता निवास करते हैं। इस दौरान नन्हे बालक ध्रुव की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के आयोजन में समिति के एमके नामदेव, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा, रमेश केडिया, रमेश सिंह, सौरभ बाजपेई, अवधेश तिवारी, संजय शर्मा, नीरज नामदेव, समुद्र साईं, शिवजी पांडे, सतीश शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी सहित अन्य सक्रिय रहे। मुख्य यजमान कृष्णा प्रसाद और गंगाजली हैं।

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया रावण दहन

लखनपुर में परंपरा के अनुसार एक दिन बाद मना दशहरा



धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

खास बातें

- 1974 में छोटे स्तर पर शुरू हुआ था रावण दहन, 1990 से दशहरा सेवा समिति करा रही भव्य आयोजन
- 3डी आतिशबाजी बनी आकर्षण का केंद्र

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व लखनपुर में अपनी विशिष्ट परंपरा के अनुसार एक दिन बाद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरगुजा रियासत और यहां के ऐतिहासिक गढ़ से जुड़ी दशहरे की यह परंपरा आज भी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है। बुधवार को साक्षरता मिनी स्टेडियम में आयोजित भव्य दशहरा समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने रावण दहन किया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी और विशेष रूप से तैयार की गई और 3डी आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मिनी स्टेडियम पहुंचे।

साक्षरता मिनी स्टेडियम में आयोजित दशहरा समारोह में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण का पुतला धू-धूकर जलते ही पूरा मैदान जयकारों और तालियों से गूंज उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और 3 डी आतिशबाजी के विशेष प्रदर्शन ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज सहित नरेंद्र पांडे, सुरेश साहू, कृपा शंकर गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, दिनेश साहू और राकेश साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि लखनपुर में साक्षरता मिनी स्टेडियम में रावण दहन की शुरुआत लगभग वर्ष 1974 में छोटे स्तर पर हुई थी। धीरे-धीरे यह आयोजन क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल हो गया। वर्ष 1990 से दशहरा सेवा समिति के माध्यम से रावण दहन कार्यक्रम को व्यवस्थित और भव्य स्वरूप दिया जाने लगा। समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन की परंपरा आगे बढ़ती रही। समय के साथ आयोजन में आधुनिक तकनीक और आकर्षक आतिशबाजी का समावेश हुआ। इस वर्ष 3 डी आतिशबाजी विशेष आकर्षण रही। दशकों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोगों को एक साथ लाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम बनी हुई है।

राजपरिवार और ऐतिहासिक गढ़ से जुड़ी है एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा

अंबिकापुर से लगभग 20 से 25 किलोमीटर दूर स्थित लखनपुर का इतिहास सरगुजा रियासत और यहां के राजपरिवार से जुड़ा रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार पूर्व में सरगुजा महाराजा की उपस्थिति में अंबिकापुर में दशहरे का भव्य आयोजन होता था। लखनपुर सहित रियासत के विभिन्न क्षेत्रों के राजपरिवारों के सदस्य इस अवसर पर महाराजा से मुलाकात करने और उत्सव में शामिल होने पहुंचते थे। इसी ऐतिहासिक परंपरा को लखनपुर में एक दिन बाद दशहरा मनाए जाने की वजहों में से एक माना जाता है। एक अन्य स्थानीय मान्यता तत्कालीन शासक लाल बहादुर माहेश्वरी सिंहदेव के निधन से जुड़ी बताई जाती है। कहा जाता है कि दशहरे के दिन उनके निधन के बाद राजपरिवार में शोक के चलते अगले दिन पर्व मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। हालांकि इन मान्यताओं की ऐतिहासिक पुष्टि के लिए पुराने राजकीय अभिलेखों का अध्ययन आवश्यक है।

गढ़ के सामने लगता था दशहरा मेला

लखनपुर का पुराना गढ़ यहां के गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले गढ़ के सामने दशहरे का मेला लगता था, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होते थे। राजपरिवार के सदस्य लोगों से मुलाकात करते और उत्सव में सहभागिता निभाते थे। समय के साथ मेले का स्वरूप बदला और पुरानी रौनक में कमी आई, लेकिन इस परंपरा से जुड़ा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व आज भी कायम है।

परंपरा, आस्था और आधुनिकता का संगम बना लखनपुर का दशहरा

लखनपुर का दशहरा केवल रावण दहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के इतिहास, राजपरिवार की विरासत और पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। वर्ष 1974 में छोटे स्तर पर शुरू हुआ रावण दहन आज भव्य आयोजन का रूप ले चुका है। आधुनिक तकनीक और 3डी आतिशबाजी ने इसमें नया आकर्षण जोड़ा है, वहीं एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा लखनपुर को अलग पहचान देती है। बदलते समय के बीच लखनपुर वासियों ने अपनी इस विशिष्ट परंपरा को जीवंत रखा है। यही वजह है कि हर वर्ष दशहरा सामाजिक एकजुटता, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक गौरव का अवसर बनकर सामने आता है।

हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया रावण दहन





बलरामपुर। हाई स्कूल ग्राउंड में दशहरे के अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मुख्य अतिथि तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के विशिष्ट स्थिति में विशाल रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा संबोधित किया गया एवं बुराई पर अच्छाई के जीत के विषय में अपने विचार व्यक्त किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन हार नहीं सकता हमेशा सत्य की ही विजय होती है। दशहरे के अवसर पर रावण दहन का जो कार्यक्रम रखा गया है असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हम रावण को मार करके बुराई पर अच्छाई की जीत मना रहे हैं लेकिन सिर्फ रावण को मार देने से बुराई खत्म नहीं हो जाती हमें अपने अंदर छिपे हुए बुराइयों को भी रावण के साथ आज समाप्त करना होगा। पुलिस लाइन कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों की राम दरबार की टोली पहुंची। टोली में छोटे-छोटे बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान बने हुए थे। बच्चों की राम दरबार की टोली रावण दहन ग्राउंड में पहुंची टोली के पहुंचते ही पूरा ग्राउंड जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। राम दरबार की टोली द्वारा रावण को आग लगाकर के रावण दहन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, राजेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, बंसीधर गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, योगेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, गौतम सिंह, राकेश सिंह, मनीष सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, रविंद्र गुप्ता सहित पूजा पूजा समिति और छठ पूजा समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री राम-रावण महायुद्ध और शानदार आतिशबाजी ने बांधा समां

प्रतापपुर में धूमधाम से हुआ विशाल रावण दहन, उमड़ी लोगों की भीड़

प्रतापपुर। नगर के स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 55 फीट ऊंचे रावण तथा 50-50 फीट ऊंचे मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए प्रतापपुर नगर सहित विकासखंड के गांव-गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा पहुंचे।

दशहरा महोत्सव में आकर्षक आतिशबाजी, रंग-बिरंगी रोशनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव की रौनक बढ़ा दिया। आसमान में बिखरती रंगीन रोशनियों और आकर्षक आतिशबाजी के नजारे ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। दशहरा महोत्सव का सबसे आकर्षक भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध रहा। रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों के दहन के दौरान आतिशबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ कार्यक्रम देखने पहुंचे। प्रतापपुर का दशहरा महोत्सव पूरे उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। आयोजन ने एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हुए नगरवासियों के मन में धर्म, सत्य और मर्यादा के प्रति आस्था को और मजबूत किया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल,नवीन सोनू जायसवाल, मुकेश तायल,सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, एवं सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, गोलू अग्रवाल,सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

कोयलांचल समेत नगरीय क्षेत्र में आतिशबाजी की गूंज के साथ हुआ रावण दहन

बिश्रामपुर। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व मंगलवार को कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद मंगलवार की रात विभिन्न आयोजन स्थलों पर दशहरे की रौनक देखने को मिली। भव्य आतिशबाजी के बीच विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया और लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विजय का उत्सव मनाया। नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वहीं सिलफिली हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में पिलखा सेवा समिति के नेतृत्व में आयोजित विजयादशमी महोत्सव में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में रावण दहन का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर आतिशबाजी के बीच रावण दहन के साथ विजयादशमी के उल्लास ने माहौल को उत्सवी बना दिया। इसके अलावा क्षेत्र की आस्था के प्रमुख केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण केनापारा, राजापुर, डेडरी और पार्वतीपुर में भी भव्य आतिशबाजी के साथ विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया। अलग-अलग स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के पौराणिक प्रसंग को याद किया। शारदीय नवरात्र के दौरान देवी आराधना में लीन रहे क्षेत्रवासियों ने विजयादशमी के साथ ही शारदीय पर्व का समापन उत्साहपूर्वक किया। ज्ञात हो कि विजयादशमी केवल रावण के पुतले को जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागने की प्रेरणा देने वाला उत्सव भी है। पर्व ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। पार्वतीपुर में विजयादशमी महोत्सव को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव तिर्की,उपाध्यक्ष मुन्ना भगत,संतकुमार एक्का,बलवीर राजवाड़े व अन्य सक्रिय रहे।

- गौरीशंकर मंदिर ग्राउंड में क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह और सिलफिली में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े रहे मुख्य अतिथि



नवरात्रि व दशहरा पर तुलसी साहित्य समिति का सरस कवि-सम्मेलन

अम्बिकापुर। शारदीय नवरात्रि व दशहरा के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता में सरस-कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां वागीशा व मां भगवती के पूजन-अर्चन तथा महाकवि तुलसी, एसपी जायसवाल व बीडी लाल द्वारा विरचित विभिन्न रामायणों के आंशिक पाठ से हुआ। पं.रामनारायण शर्मा ने नवरात्रि के साथ विजयादशमी पर्व के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य व बुराइयों पर अच्छाइयों के विजय का प्रतीक है दशहरा पर्व। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम का अवतार दुष्टों के विनाश, संतों की रक्षा और धर्म की संस्थापना के लिए हुआ था। राम ने अंहकारी व आततायी लंकापति रावण का उसकी सेना सहित संहार किया। आज वही निशाचरी संस्कृति आतंकवाद के रूप में पूरी दुनिया को संत्रस्त कर रही है। हिंसा, हत्या, अन्याय, अधर्म, अत्याचार, लूटमार, बदले की भावना, धार्मिक अतिवाद, अराजकता आम हो चली है। पं.सचिदानंद पांडेय ने श्रीराम को स्त्रियों के मान-सम्मान का रक्षक-समर्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि उसे अपने जीवन में भी अपनाया। कार्यक्रम को पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, राजभाषा आयोग के समन्वयक राजेश तिवारी व कविवर एसपी जायसवाल ने भी संबोधित किया और सभी को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। कवि-सम्मेलन में मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहे में मन के रावण का विनाश करने का आह्वान किया सभी मनाते दशहरा, है यह पावन रीत। मन का रावण मारिए, तो मानूंगा मीत। कवयित्री आशा पांडेय ने अपने दोहे में माता-पिता का मान रखने की प्रतिबद्धता जताई- शैलराज की लाड़ली, ऐसा देना ज्ञान।



विजयादशमी पर पुलिस अधीक्षक ने किया विधि-विधान से शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी के अवसर पर पुलिस ने अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंगलवार को रक्षित केंद्र में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं जवानों ने सहभागिता की।

प्राचीन परंपरा के अनुसार विजयादशमी के अवसर पर देवी अपराजिता एवं मां रणचंडी की आराधना के साथ अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया जाता है। इसी परंपरा के अनुरूप शस्त्रों एवं वाहनों की पूजा-अर्चना कर कर्तव्य, साहस, पराक्रम और जनसेवा के प्रति समर्पण के संकल्प दोहराया। रक्षित केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ अस्त्र-शस्त्र तथा शासकीय वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा संपन्न होने के पश्चात विजयादशमी के अवसर पर हर्ष फायर भी किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिले वासियों को विजयादशमी की बधाई देने के साथ सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। विजयादशमी के अवसर पर जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में भी परंपरागत रूप से अस्त्र-शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी अनूप एक्का, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना-चौकी प्रभारी, शस्त्रागार प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



विजयादशमी पर एसपी ने पुलिस लाईन में किया शस्त्र पूजन

बलरामपुर। मंगलवार को विजयादशमी महापर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने पूर्व परम्परा के अनुसार पुलिस लाईन बलरामपुर में विधि विधान से शस्त्र पूजन करते हुये मां दुर्गा की आरती की गई। शस्त्र पूजन के उपरान्त एसपी एवं एएसपी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार विजयादशमी के अवसर पर बलरामपुर रामानुजगंज जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा भी थाना चौकी परिसर में शस्त्र हथियारों पर पुष्प और तिलक लगाकर मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से शस्त्र पूजा की गई।इस दौरान एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, डीएसपी मो. याकूब मेनन, प्रमोद किस्पोट्टा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय व रक्षित केंद्र बलरामपुर के पुलिस बल उपस्थित रहे।



पृष्ठ 3 का शेष

नम आंखों से...

बना रहा। विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्र के दौरान पंडाल में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति से चहल-पहल बनी रही। अंतिम दिन प्रतिमा विसर्जन के साथ ही नौ दिनों तक चले धार्मिक आयोजन का समापन हुआ। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना करने के बाद ग्यारहवें दिन प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और उन्नति बनाए रखने की प्रार्थना की। भक्तों ने परिवार की सुख-शांति और सभी के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मां दुर्गा को विदाई दी। माता रानी की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम नजर आईं। भक्तों ने भावुक मन से मां दुर्गा से अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां दुर्गा की विदाई के साथ श्रद्धालु उनके पुनः आगमन की प्रतीक्षा करने लगते हैं। इसी भावना के साथ सुभाष नगर में भी भक्तों ने माता रानी को विदाई देते हुए अगले नवरात्र में फिर से भव्य आयोजन की उम्मीद जताई। चरचा के सुभाष नगर में आयोजित दुर्गा पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान धार्मिक आस्था और सामाजिक उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में लीन रहने वाले श्रद्धालुओं ने विसर्जन यात्रा में शामिल होकर आयोजन को भक्तिमय विदाई दी। अबीर-गुलाल, भक्ति गीतों और जयकारों के बीच निकली यात्रा ने नवरात्र पर्व की यादों को श्रद्धालुओं के मन में संजो दिया। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शारदीय नवरात्र पर्व का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई देते हुए प्रार्थना की कि मां दुर्गा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और अगले वर्ष फिर से चरचा कॉलरी में पधारकर भक्तों को दर्शन दें। माता रानी के जयकारों और अगले बरस फिर आने की कामना के साथ सुभाष नगर में नवरात्र पर्व का समापन हुआ।

झुमका ओपन थियेटर...

में कोसम के मंच पर दोनो दिवस शास्त्रीय नृत्य, गायन वादन के साथ लोकगीतों की भी प्रस्तुति को जोड़ा गया है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार कोसम के मंच को गौरव प्रदान करेंगे।

विविध साहित्य परिचर्चा सत्र- कोरिया साहित्य महोत्सव के आयोजन को लेकर उत्साहित टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिवस परिचर्चा के लिए राज्य शासन के कुछ विभागीय प्रमुखों के अलावा बढ़ते साइबर अपराध पर सुरक्षा और सावधानी विषय पर विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देने के लिए आ रहे हैं। दूसरे दिन साहित्य के मानकों पर बात करने के लिए प्रदेश स्तर पर शिक्षा जगत से जुड़े मूर्धन्य विद्वान अपनी सहमति दे चुके हैं, इसके अलावा छग में लोककला, साहित्य और संस्कृति पर बात रखने के लिए वरिष्ठ साहित्यकार भी कोसम के मंच पर होंगे। प्रदेश के ख्यापित साहित्य प्रेमियों के अलावा काव्य से अपनी अलग पहचान बना रहे युवा कवियों के साथ कई स्थापित कवि भी कोसम के मंच पर आमने सामने होंगे। इसके लिए दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित अन्य कई स्थानों से लगभग एक दर्जन कवि कोसम के मंच पर काव्यपाठ करने के लिए आ रहे हैं। इन सभी स्थापित साहित्यकारों के अलावा सरगुजा से लेकर दुर्ग संभाग तक के लगभग 70 से ज्यादा कवि अपनी रचनाओं का पाठ करने के लिए कोसम के तीसरे संस्करण में सहभागिता करेंगे।

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 कनकपुर सिलफिली स्थित सशस्त्र बल की दसवीं बटालियन में शहीदों को नमन





खबर संक्षेप

7 दिवसीय मेडिटेशन योग शिविर 24 से

बैकुण्ठपुर। वर्तमान समय में मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग, व्यस्त दिनचर्या, काम का दबाव और जीवन की भागदौड़ लोगों की एकाग्रता, मानसिक शांति तथा शारीरिक सक्रियता को प्रभावित कर रहे हैं। अनेक लोगों को किसी एक कार्य पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन भटकना, युवाओं में तनाव, महिलाओं की व्यस्त दिनचर्या तथा बुजुर्गों में शारीरिक सक्रियता की कमी जैसी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए योग प्रभाग, देवराहा बाबा सेवा समिति, प्रेमाबाग, बैकुंठपुर द्वारा 7 दिवसीय मेडिटेशन योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को ध्यान, योग और जुम्बा एक्सरसाइज के माध्यम से मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य, एकाग्रता, अनुशासन तथा सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 7 दिवसीय मेडिटेशन योग शिविर 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे से 8:00 बजे तक सांस्कृतिक भवन, बैकुंठपुर में होगा। आज मोबाइल नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया और लगातार बदलती गतिविधियों के कारण मन बार-बार भटकता है।

युवकों की बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत

डांडगांव। दशहरा मेला देखने जा रहे युवकों की बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद विजयादशमी की खुशियां मातम में बदल गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम रिखी निवासी 22 वर्षीय राजाराम 29 वर्षीय परसादी दास बाइक से दशहरा मेला देखने के लिए ग्राम पलका जा रहे थे। इस दौरान ग्राम खोंधला मोड़ बाजार के पास सामने से आ रही एक बाइक के हैंडल से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सवार बाइक सहित सड़क पर फिसलते हुए सड़क किनारे मौजूद पेड़ के ठूंठ से जा टकराए। हादसे में राजाराम के सिर में चोट आई, जबकि परसादी दास के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हाथी के हमले में घायल ग्रामीण की मौत

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर ब्लॉक में इन दिनों हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी अलग अलग दलों में विचरण करने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का दल अलग होकर भी घूम रहे है जो खतरनाक साबित हो रहे है। ऐसे ही एक मामले में हाथी के हमले में घायल ग्रामीण की मौत हो गई। ग्राम महेशपुर निवासी 60 वर्षीय मोहन कुजूर 6 अक्टूबर की सुबह 7 बजे उसका सामना हाथी से हो गया। हाथी के हमले में ग्रामीण को सीने में गंभीर चोट आई थी जबकि उसका जबड़ा टूट गया था। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए परिजन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। इसके बाद मेकाहारा रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

समर्थन मूल्य पर 16 नवंबर से होगी धान खरीदी

जिले में इस वर्ष धान की स्थिति बेहतर

धान की फसल पकी, कटाई की तैयारी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सरकार ने 16 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तिथि निर्धारित की है, लेकिन कोरिया जिले में अब तक धान कटाई का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

हालांकि, जिले के कई क्षेत्रों में धान की फसल पककर तैयार हो गई है और किसान कटाई की तैयारी में जुट गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी एक सप्ताह के भीतर जिले के कुछ क्षेत्रों में कटाई शुरू हो जाएगी। वहीं, किसानों ने अपने खलिहानों की साफ-सफाई भी शुरू कर दी है। इस वर्ष मानसून की सक्रियता देर से होने के कारण खेती-किसानी के काम में देरी की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि, मानसून सक्रिय होने के बाद लगातार अच्छी बारिश हुई, जिससे धान की रोपाई का कार्य पूरा हो सका। पर्याप्त बारिश के चलते जिले में धान की फसल अच्छी स्थिति में है। खेतों में फसल लहलहा रही है और कई क्षेत्रों में धान पककर कटाई के लिए तैयार हो गया है। ऐसे में इस वर्ष धान के अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। इधर, सरकार द्वारा धान खरीदी की तिथि घोषित किए जाने के बाद किसानों के पास फसल की कटाई, दुलाई और मिसाई के लिए सीमित समय बचा है। ऐसे में खरीदी शुरू होने के शुरूआती दिनों में केंद्रों तक धान की आवक कम रहने की संभावना है। कटाई के बाद धान को खलिहान तक लाने, मिसाई कराने और बिक्री के लिए तैयार करने में किसानों को समय लगेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में इस वर्ष 16 नवंबर से किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इसके लिए खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम करने की तैयारी भी की जा रही है।

धान खरीदी की तिथि निर्धारित होने के बाद समितियों में व्यवस्था बनाने की कवायद शुरू हो गई है, ताकि खरीदी के दौरान किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



एक सप्ताह में कटाई शुरू होने की उम्मीद

कोरिया जिले के कई क्षेत्रों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। ऐसे में आगामी एक सप्ताह के भीतर कटाई शुरू होने की संभावना है। इसके बाद धीरे-धीरे कटाई के काम में तेजी आएगी। आमतौर पर दीपावली के आसपास जिले में धान कटाई का कार्य जोर पकड़ने लगता है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक कई क्षेत्रों में कटाई शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, दीपावली पर्व के कारण कुछ समय के लिए काम प्रभावित हो सकता है, लेकिन त्योहार के बाद कटाई में तेजी आने की संभावना है।

जंगल में जुआ फड़ों की सुगबुगाहट तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

शारदेय नवरात्रि के समापन के बाद क्षेत्र में कथित जुआ फड़ों के दोबारा सक्रिय होने की चर्चाएं तेज होने लगी हैं। थानाक्षेत्र की सीमावर्ती जगहों पर जुआ गतिविधियां संचालित होने की मिल रही चर्चाओं के बीच बिजुरी पुलिस की सतर्कता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में पुलिस के लिए जरूरी है कि वह समय रहते संबंधित स्थानों पर निगरानी बढ़ाए और शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे।

जानकारी के अनुसार, थानगांव पंचायत के डोंगरीटोला मार्ग से लगे जंगल, बंद पड़ी कपिलधारा कॉलरी के पीछे का जंगल तथा केंवई नदी के समीप का क्षेत्र कथित जुआ फड़ों को लेकर चर्चा में है। स्थानीय स्तर पर इन स्थानों पर जुआ गतिविधियां संचालित होने की बातें सामने आ रही हैं। हालांकि, इन गतिविधियों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी शेष है। ऐसे में संबंधित स्थानों की जांच कर तथ्यों का सत्यापन करना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण है।



सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता

क्षेत्र में अवैध जुआ गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बिजुरी पुलिस को संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। अलग-अलग पुलिस टीमों के माध्यम से गश्त, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने और शिकायतों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने से ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। क्षेत्र में कथित अवैध गतिविधियों को लेकर उठ रही चर्चाओ के बीच पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए, संबंधित पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय हो और किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फिलहाल, डोंगरीटोला मार्ग, कपिलधारा कॉलरी के पीछे और केंवई नदी के समीप के जंगलों में कथित जुआ गतिविधियों को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब पुलिस की जांच और कार्रवाई से ही मिल सकेगा।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- अबीर-गुलाल के साथ निकली विसर्जन यात्रा डीजे की धुन पर

शारदीय नवरात्र पर्व के समापन के पश्चात कोयलांचल क्षेत्र चरचा कॉलरी में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

नौ दिनों तक मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं ने माता रानी को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं ने उत्साह और उमंग के साथ विर्सजन यात्रा निकाली। डीजे की धुन पर महिला-पुरूष और बच्चे सहित श्रद्धालु झूमते नजर आए। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच निकली विसर्जन यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। नवरात्र के नौ दिनों तक पंडाल में मां दुर्गा की आराधना, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से भक्तों ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं के मन में एक ओर मां दुर्गा के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास दिखाई दिया, तो दूसरी ओर माता रानी की विदाई को लेकर भावुकता भी देखने को मिली। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विसर्जन यात्रा के दौरान अबीर-गुलाल लगाकर भक्तों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर महिला-पुरूष और बच्चे उत्साहपूर्वक नाचते-गाते नजर आए। मां दुर्गा के जयकारों के साथ श्रद्धालु माता रानी को विदाई देने के लिए आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में भक्ति और उल्लास का वातावरण ⏭शेष पेज 2 पर





मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आज

बैकुण्ठपुर। नगरपालिका परिषद बैकुंठपुर एवं शिवपुर-चरचा की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में राजनीतिक दलों की समन्वय बैठक 23 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में 1 अक्टूबर 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में चर्चा होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और आम आदमी पार्टी के संबंधित पदाधिकारियों को बैठक की सूचना देते हुए उनसे अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

जनगणनाः द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का प्रथम दिवस

मनेन्द्रगढ़। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को गति देने के लिए जिला एमसीबी में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती नम्रता डोगरे की अध्यक्षता में 22 एवं 23 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों को जनगणना की विभिन्न प्रक्रियाओं, गणना ब्लॉकों के गठन, पर्यवेक्षक सर्कल के निर्धारण तथा आंकड़ों के व्यवस्थित संकलन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जनगणना कार्य निदेशालय, रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर नसीब अहमद खान, सा.अ. ग्रेड-2 तथा जिला नोडल अधिकारी अतुल बंसोड़, सा.अ. ग्रेड-2 ने अधिकारियों को जनगणना कार्य की योजना तैयार करने, कार्मिकों की जिम्मेदारियां निर्धारित करने और पूरी प्रक्रिया को निर्धारित दिशा-निर्देशो के अनुरूप प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान गणना ब्लॉकों के गठन, पर्यवेक्षक सर्कल के निर्धारण तथा भवनों और मकानों की पहचान एवं गणना की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना के प्रभावी संचालन के लिए गणना क्षेत्र का उचित निर्धारण, भवनों एवं मकानों का व्यवस्थित विवरण और उनमें निवासरत परिवारों की संख्या का आकलन महत्वपूर्ण है।

सैला नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ मां दुर्गा का विसर्जन

कोरिया कॉलरी। शारदीय नवरात्रि पर्व के समापन के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोरिया कॉलरी चिरमिरी स्थित नवयुवक दुर्गा समिति (बड़ा ग्राउंड) की अनूठी पहल इन दिनों पूरे संभाग में चर्चा और प्रशंसा का विषय बनी हुई है। समिति के सदस्यों ने आधुनिक चकाचौंध और दिखावे से दूर रहकर छग की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक सैला नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ मां भगवती की प्रतिमा का विसर्जन किया।

आज के दौर में जहां अधिकांश स्थानों पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान लाखों रूपए खर्च कर कानफोडू डीजे और भारी साउंड सिस्टम लगाए जाते हैं, वहीं फिल्मी व भोजपुरी गानों के शोर में विसर्जन जुलूस निकाले जाते हैं, इससे न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलता है, बल्कि बुजुर्गों, हृदय रोगियों और छोटे बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे समय में नवयुवक दुर्गा समिति के युवाओं ने अपनी माटी की संस्कृति और सादगी को तरजीह देकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। आगमन से विसर्जन तक पुष्प वर्षा, सैला नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र पारंपरिक मांदर और झांझ-मंजीरों की थाप पर थिरकते सैला नर्तकों के साथ निकला विसर्जन जुलूस पूरे नगर में आकर्षण का केन्द्र बना रहा। नवयुवक दुर्गा समिति के अध्यक्ष रण कुमार सिंह ने बताया कि मां भगवती के आगमन पर समिति के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया था। उसी प्रकार विदाई के पावन क्षण में भी माता रानी पर पुष्प वर्षा करते हुए पारंपरिक सैला नृत्य के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।





समिति ने जताया आभार

समिति की इस सांस्कृतिक पहल से क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों ने युवाओं की सोच की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्सव के सफल आयोजन पर समिति के पदाधिकारियों ने कोरिया कॉलरी के समस्त स्थानीय निवासियों, बाहर से पधारे श्रद्धालुओं और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष रण कुमार सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में दिखावे और शोर-शराबे से कहीं अधिक महत्व हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सद्भाव का होना चाहिए।

टक्कर के बाद मोपेड सवार दोस्तों को सरिया लोड ट्रेलर ने कुचला, दो की मौत

सीतापुर। बुधवार को विजयादशमी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब दो घरों के बच्चों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मोपेड सवार दोस्त दहशरा मेला देखकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार सरिया लोड ट्रेलर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना में दो किशोरों की ट्रेलर के नीचे कुचलने से मौत हो गई जबकि मोपेड चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनतराई सड़कपारा निवासी 25 वर्षीय योगेश कुमार अपने दो नाबालिग दोस्त 15 वर्षीय सूर्यकांत पैकरा आ. हरिलाल पैकर व 16 वर्षीय पवन मांझी आ. सुशीत मांझी के साथ मंगलवार को दशहरा का मेला देखने विकासखंड बतौली के ग्राम शांतिपारा गया हुआ था। तीनों दोस्तों ने पूरी रात दशहरा मेला घूमा और बुधवार की सुबह 5 बजे मोपेड क्रमांक सीजी 15 डीआर 2726 से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बिजली सब स्टेशन ग्राम काराबेल के पास सामने से आ रहे सरिया लोड ट्रेलर क्रमांक एचआर 38 एएम 9613 ने विपरीत दिशा में जाकर मोपेड को टक्कर मार दी। ट्रेलर की टक्कर से मोपेड चला रहा युवक योगेश दूर जा गिरा जबकि पीछे बैठे नाबालिग सूर्यकांत और पवन को ट्रेलर अपनी चपेट में लेते हुए बुरी तरह रौंद दिया। सरिया लोड ट्रेलर द्वारा रौंदे जाने से दोनों नाबालिगों के शरीर क्षतविक्षत हो गया। हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रेलर सौ मीटर दूर जा कर रुक गया और चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।



मूर्धन्य विद्वान, साहित्यकारों, कलाकारों, कवियों का दो दिवसीय संगम

झुमका ओपन थिएटर में साहित्य का कुंभ कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- कैबिनेट मंत्री करेंगे शुभारंभ, राजभाषा अध्यक्ष भी होंगे शामिल

आगामी 24 व 25 अक्टूबर को मुख्यालय बैकुंठपुर में देश-प्रदेश के मूर्धन्य साहित्यकार, कलाकार, संस्कृतिधर्मी और रचनाकारों का समागम होने जा रहा है।

साहित्य का यह वृहद महोत्सव कोसम इस बार अपने चौथे पड़ाव पर है। लगातार चार वर्षों से आयोजित कर रही टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि साहित्य प्रेमियों के लिए यह एक अनूठा अवसर होगा जब नई प्रतिभाओं के मंचन के साथ पूरे देश में साहित्य व कला में ख्याति रखने वाले कई विख्यात व्यक्तित्व कोरिया साहित्य महोत्सव के मंच को गरिमा प्रदान करने उपस्थित होंगे। इस आयोजन के विस्तृत कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रहे आयोजन कर्ताओं ने बताया कि जिले में साहित्य के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत टीम अभिव्यक्ति अपने आयोजन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए झुमका ओपन थियेटर में यह आयोजन करने जा रही है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है। कोसम के तीसरे संस्करण में लोक नृत्यों की प्रस्तुति व स्थानीय कलाकारों का वादन, गायन भी रखा गया है। टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला ⏭शेष पेज 2 पर



कई दिग्गजों से सजेगा मंच

कोरिया साहित्य महोत्सव का चौथा संस्करण दो दिवसीय होगा। इसमें प्रथम दिवस प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान होंगे। विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा सहित कई जनप्रतिनिधि अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दूसरे दिन कोसम में छग राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा मुख्य अतिथि होंगे। टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि इस बार का आयोजन विशेष आकर्षणों से भरपूर होगा तथा इसमें साहित्य प्रेमियों, रचनाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सांइनाथ फाउंडेशन रायपुर के साथ, एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र भी सहयोग कर रहे हैं। कोरियावासियों को आयोजन में सहभागिता के लिए आमंत्रित करते हुए टीम ने बताया कि यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर बाद तीन बजे से आरंभ होकर रात दस बजे तक अनवरत चलेगा। इसमें दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया है।

पीट-पीटकर पत्नी को युवक ने मौत के घाट उतारा

अंबिकापुर। दशहरा की रात एक सनकी युवक ने शराब के नशे में पत्नी की डंडे, पाइप से बेदम पिटाई करने के बाद ही कराकट पटककर उसकी हत्या कर दी। दशई त्यौहार के दौरान डीजे में नाचने के दौरान हुए मामूली घरेलू विवाद में की गई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा जांच करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि दशहरा के अवसर पर 20 अक्टूबर की रात कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम केपी में बसंत गिरी के घर पर डीजे बजाकर गांव के लोग नांच गा रहे थे। इस दशई त्यौहार में नाचने के लिए केपी बाबापारा 36 वर्षीय आलोक गिरी आ. बुटु गिरी पत्नी मानमती के साथ गया हुआ था। डीजे में नाचने के दौरान घरेलू बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद होने पर आरोपी आलोक गिरी बसंत गिरी के घर में ही पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। आरोपी पत्नी को मारते हुए घर लेकर गया। आरोपी ने घर वापस आने के बाद उसके लोहे के पाइप, लकड़ी के डंडे से उसकी पिटाई की। इसके बाद जब महिला घायल होकर जमीन पर गिर गई तो आरोपी ने एलवेस्टर सीट को उसके सिर पर पट दिया जिससे महिला की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद आरोपी घर से भाग निकला। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और लाश को मर्च्युरी में भेजा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस मामले में आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी आलोक गिरी आ. बुटु गिरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



खबर संक्षेप

सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई

बिश्रामपुर। कोयलांचल समेत नगरीय क्षेत्र में नौ दिनों तक शक्ति की आराधना के बाद बुधवार को शारदीय दुर्गोत्सव का समापन श्रद्धा और भावुकता के बीच हुआ। नगर के बंगाली कल्चरल एसोसिएशन में महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाकर मां दुर्गा को विदाई दी। इस दौरान बंगाली संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करने के बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और अखंड सौभाग्य, सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। बंगाली समाज की इस विशेष परंपरा में उत्साह के साथ मां के विदा होने की भावुकता भी झलकी। इसके पश्चात पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। आयोजन में मिला कर, नीलू कर, मुक्त भट्टाचार्य, मौली नंदी, सीमा विश्वास, नयनतारा राय, पिंकी पाल, संगीता नंदी, विजयपाल, काकोली भट्टाचार्य, झरना अधिकारी, रिंकू सिन्हा, डोली मित्रा, गीता घोषाल, सपना घोषाल, प्रीति घोषाल सहित समाज की अन्य महिलाएं शामिल रहीं। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से अगले वर्ष फिर आगमन की प्रार्थना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

निधन

प्रशांत अग्रवाल

बैकुण्ठपुर। शहर के कचहरीपारा निवासी युवा व्यवसायी प्रशांत अग्रवाल पप्पू का 22 अक्टूबर को



आकस्मिक निधन हो गया। वे इलाज के लिए रायपुर गए हुए थे। गुरुवार को स्व. अग्रवाल का अंतिम संस्कार रामपुर गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत शहर के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। विदित हो कि बीते 25 सितंबर को इनके पिता माधव अग्रवाल का निधन हो गया था।

सड़क दुर्घटना, सांप काटने सहित अन्य घटना में हुए थे गंभीर

दशहरा की खुशियां मातम में बदली, अलग अलग घटनाओं में 7 लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दशहरा त्योहार की खुशियां उस समय कई परिवार के लिए मातम में बदल गया जब अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए 7 लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, फांसी लगाने, कीटनाशक पीने व अत्यधिक शराब पीने से हुए थे गंभीर। सभी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम पियार टोली निवासी लक्ष्मण आ. बुधराम बरगाह (16 वर्ष) मंगलवार को दशहरा उत्सव में शामिल होने बाइक से गया था। दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही रेहड़ा बाजार के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक जेएच 01 जीजे 5694 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिय। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

पत्नी को फोन कर युवक ने लगा ली फांसी, मौत

युवक ने न सिर्फ पत्नी को फोन कर फांसी लगाने बात बताई बल्कि फोन कटने के बाद फांसी लगा लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर शीतला वार्ड निवासी मुकेश यादव आ. कामेश्वर यादव (28 वर्ष) बीती रात लगभग 8 बजे पिछले एक माह से मायके में रह रही पत्नी को फोन किया और बताया कि वह फांसी लगाने जा रहा है। पति के फांसी लगाने की बात कहने से पत्नी तत्काल रिश्तेदार को फोन कर घटना के संबंध में रिश्तेदारों को सूचना दी इधर जब घटना की जानकारी पिता को पता चला तो वह पुत्र के कमरे की खिड़की से देखा तो पुत्र मुकेश फांसी में लटका हुआ था।

अत्यधिक शराब पीने से ग्रामीण की मौत

गांधीनगर अंतर्गत ग्राम कृष्णापुर निवासी गुलाब पैकरा आ. स्व. चंद्रभान (40 वर्ष) पिछले दो दिनों से शराब पी रहा था। गत दिन शराब पीने के पश्चात पेट में दर्द होने की शिकायत की। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आपातकालीन कक्ष में चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की मौत

कुनकरी अंतर्गत ग्राम बहरापारा निवासी विपिन तिर्की आ. गबरेल (52 वर्ष) 15 अक्टूबर को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया था। परिजन ग्रामीण को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जशपुर अंतर्गत लक्ष्मीनगर कॉलेज मार्ग निवासी अनीता बाई पति रूपचंद (51 वर्ष) दशहरा के दिन परिजन स्नान करने गए थे तभी महिला अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतमा अंतर्गत ग्राम बसखली निवासी इंद्रपाल सिंह आ. स्व. उदय सिंह (25 वर्ष) दशहरा के दिन दुर्गा पूजा देखने गांव के ही राजेश व भीखम के साथ बाइक से मनेन्द्रगढ़ आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार घुघरा टोला खोंगापानी के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तीनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां इन्द्रपाल की उपचार के दौरान मौत हो गई वही एक घायल को परिजन छुट्टी कराकर ले गए जबकि दुर्घटना में घायल एक युवक को उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

वहीं एक अन्य घटना में पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम रैरूमाकला सुखरापारा निवासी प्रेरणा महंत आ. बंधन राम महंत (24 वर्ष) शहर के जेजे अस्पताल के समीप किराए के मकान में रहकर काम करती थी। दशहरा के दिन बहन कपड़ा छोड़ने आई थी। शाम को प्रेरणा अपने परिचित युवक हर्ष के साथ बहन को छोड़ रघुनाथपुर की ओर गई थी। बहन को छोड़ने के बाद प्रेरणा और हर्ष वापस लौट रहे थे और जैसे ही रघुनाथपुर के समीप पहुंचे तभी कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर कार में फंस जाने से युवती कुछ दूर घसीटते चली गई। दुर्घटना में घायल हुए युवती व युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू में युवती ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई



सीतापुर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व का समापन नगर समेत क्षेत्र में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चलने वाली अखंड पूजा, अर्चना और उपासना के बाद भक्तों ने बेहद धूमधाम, हर्षोल्लास और नम आँखों के साथ माता रानी को विदाई दी। सुबह से ही पूजा पंडालों में विसर्जन की तैयारियां शुरू हो गई थीं जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सव के रंग में डूबा नजर आया। प्रतिमा विसर्जन से पहले पंडालों में महिलाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर उनकी आरती उतारी और फिर आपस में जमकर सिंदूर खेला और एक-दूसरे को लाल गुलाल लगाकर सुख समृद्धि की कामना के साथ विजयादशमी की बधाई दी। इसके बाद दोपहर में जयस्तंभ चौक, मध्यनगरिय समिति एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम से माँ दुर्गा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। सजे-धजे वाहनों और रथों पर सवार माता रानी के अंतिम दर्शन के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों, ताशों और डीजे की जोशीली धुनों पर युवा,बच्चे और बुजुर्ग सभी झूमते-गाते नजर आए।पूरा नगर जय माता दी, दुर्गा माता की जय और अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल ने विसर्जन मार्ग को पूरी तरह सतरंगी बना दिया था। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा विसर्जन जुलूस पर पुष्पवर्षा की गई और भक्तों के लिए स्टॉल लगाकर स्वागत किया गया।



कनकपुर सिलफिली स्थित सशस्त्र बल की दसवीं बटालियन में शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार, 21 अक्टूबर को कनकपुर-सिलफिली स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की दसवीं बटालियन में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा ने परेड की सलामी ली और एक सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच देशभर में शहीद हुए 154 जवानों के नामों का वाचन किया,इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सपूतों को



नमन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गे, सरगुजा कलेक्टर अजीत बसंत, सूरजपुर कलेक्टर रेना जमील, सूरजपुर एसपी योगेश पटेल,अंबिकापुर एसपी राजेश अग्रवाल,डीएफओ विपुल अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी और शहीद जवानों के परिजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा : आईजी

मुख्य अतिथि आईजी दीपक कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में देश की रक्षा करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष में शहीद हो गए थे। इन वीर जवानों का अंतिम संस्कार हॉट स्प्रिंग में किया गया था। जनवरी 1960 में दिल्ली में आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों ने देशप्रेम, त्याग और बलिदान की सर्वोच्च परंपरा स्थापित की है। उनके बलिदान से आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी और वे देशप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा का बोध कराते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में परेड दल ने शहीद जवानों को सलामी दी। इसके बाद मुख्य अतिथि सहित अन्य अधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं तथा शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दसवीं बटालियन के कमांडेंट प्रशांत कतलम सहित बटालियन के अधिकारी, कर्मचारी और जवान उपस्थित रहे।

